आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

अमरीका ने भारत से चुराई गईं दौ सौ सत्तानबे कलाकृतियों को लौटाने का फैसला किया है। यह कलाकृतियां जल्द ही भारत भेजी जाएंगी। इनमें से अधिकांश कलाकृतियां पूर्वी भारत की टैराकोटा से बनी हैं जबकि शेष कलाकृतियां पत्थर, धातु, लकड़ी और हाथी दांत से बनी हैं और उनका संबंध देश के विभिन्न भागों से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कलाकृतियों को लौटाने के लिए राष्ट्रपति बाइडेन का धन्यवाद किया। श्री मोदी ने कहा कि ये वस्तुएं केवल भारत की ऐतिहासिक संस्कृति का ही हिस्सा नहीं है बल्कि ये उसकी सभ्यता का आधार हैं।

****

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अट्ठाइसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने विश्विद्यालयों में शोध कार्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया और अधिकाधिक रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पैसों की कमी की वजह से कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं होना चाहिए। समारोह में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी भी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहीं।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल मिर्जापुर जिले का दौरा करेंगे। वह रोजगार मेला, ऋण वितरण, टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के बाद वह विन्ध्यांचल धाम जाएंगे और मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन करेंगे। उधर, गोरखपुर प्रवास के दौरान आज लगातार तीसरे दिन भी मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया । लगातार तीन दिनों के प्रवास में मुख्यमंत्री ने करीब नौ सौ लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं की सुनवाई की है।

****

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट नीट स्नातकोत्तर परीक्षा दो हजार चौबीस के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। इस संबंध में लखनऊ स्थित चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय कार्यालय ने सूचना जारी की है। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी कल दोपहर बारह बजे से अट्ठाइस सितम्बर की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट डीजीएमई डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन और यूपीनीट डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन कर सकते हैं।

****

केंद्र सरकार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल संयुक्त राष्ट्र सभा में स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। अमरीका के न्यूयार्क शहर में प्रस्तावित इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आज वह नई दिल्ली से रवाना हो रही हैं। वहां वह राकवेल फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी।

****

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नेतृत्व में आज अयोध्या में धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित संतों ने गौ रक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की। इस दौरान गौ ध्वजा स्थापना भारत यात्रा की औपचारिक घोषणा भी की गई।

****

कानपुर देहात के रनिया औद्योगिक क्षेत्र में हुई अग्निकांड की घटना के आरोपी दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने कल फैक्ट्री के तीन निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कानपुर देहात पुलिस के अनुसार गद्दा बनाने वाली फैक्ट्री में कल शार्ट सर्किट से आग लग गई और वहां रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट से फैक्ट्री की छत भी गिर गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों और पुलिस ने राहत और बचाव कार्य किया। दुर्घटना में तीन मजदूरों की मौके पर ही दब कर मृत्यु हो गई थी, जबकि तीन लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अंतिम समाचार मिलने तक चार घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के शुरुआती सौ दिनों में बुनियादी ढांचे, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित पंद्रह लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके तहत सरकार ने समाज कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में तिरसठ हजार गांवों में आदिवासी समुदाय के पांच करोड लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत की है। वहीं दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मुहैया करवाने के लिए दो लाख नब्बे हजार से अधिक विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र जारी किए हैं।

****

प्रदेश सरकार के नगर विकास और उर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ जिले में आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि गंदगी के प्रति सजग रहते हुए भारत को स्वच्छ एवं विकसित बनाएं।

****